# डमरू वाले बाबा का है | By Shiv Kumar Pathak |

डमरू वाले बाबा का है नहीं कोई सानी
सांचा तेरा नाम बाकी दुनिया आनी-जानी
डमरू वाले बाबा का है नहीं कोई सानी

भोले को मनाने को परदोष व्रत होता है,
जो भी इसे करे उसे भोला वर देता है
इसके प्रभाव से हो दूर परेशानी
डमरू वाले बाबा का है नहीं कोई सानी

सोल्हा सोमवार की है महिमा न्यारी,
जिसने किया है उसकी विपदा हारी
दे दे उसे जो भी मांगे भोला महादानी
डमरू वाले बाबा का है नहीं कोई सानी

कुछ ना बने तुम, शिवरात्रि कर लो,
महाशिवरात्रि का उपवास धर लो
पीड़ा सारी हर लेंगे भोले — अंतर यामी
डमरू वाले बाबा का है नहीं कोई सानी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a1%e0%a4%ae%e0%a4%b0%e0%a5%82-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-shiv-kumar-pathak/